

देश-विदेश
दिल्ली की जहरीली हवा पर...




अंतिम पृष्ठ
केएल राहुल वनडे सीरीज में...



संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

नोएडा/गाजियाबाद संस्करण

# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

सोमवार 24 नवम्बर 2025 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 9 मार्गशीर्ष 2082

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 42 / अंक : 326
मूल्य ₹ 3.50
16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00
पृष्ठ संख्या 12
Ph. : 011-30712200, 45212200


# जेवर में 2 करोड़ से बनेगा स्पोर्ट्स पार्क

## विधायक धीरेंद्र सिंह की मौजूदगी में 'खेलो युवा' पार्क का भूमि पूजन किया गया

- ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि इस स्पोर्ट्स पार्क के निर्माण से क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को निखारने के बेहतर अवसर मिलेंगे



**नोएडा, (पंजाब केसरी):** जेवर के ग्राम गोपालगढ़ में रविवार को 'खेलो युवा स्पोर्ट्स पार्क' का भूमि पूजन किया गया। यह गांव जनपद अलीगढ़ और हरियाणा की सीमा से सटा है। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने बताया कि लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह स्पोर्ट्स पार्क क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और युवाओं को आधुनिक सुविधाएं प्रदान करेगा।भूमि पूजन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और महिलाओं ने भाग लिया। विधायक धीरेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि इस परियोजना को जिला खनिज न्यास द्वारा स्वीकृत किया गया है, और इसका निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाएगा। विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी उच्चस्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि खेल व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करते हैं। गोपालगढ़ में बनने वाला यह स्पोर्ट्स पार्क क्षेत्र के युवाओं और महिलाओं को नई ऊर्जा और दिशा देगा। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि इस स्पोर्ट्स पार्क के निर्माण से क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को निखारने के बेहतर अवसर मिलेंगे। उनका मानना है कि इससे गांव को खेल जगत में एक नई पहचान मिलेगी।